DATE :- 23-03-2026

RAJASTHAN PATRIKA, PAGE-02, SURAT

तापी नदी पर मेट्रो रेल ब्रिज का कार्य जोरों पर

सूरत. गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की ओर से सूरत में दो रूटों पर मेट्रो रेल लाइन नेटवर्क बिछाने का कार्य चल रहा है। इस दौरान मेट्रो रेल का कुछ हिस्सा तापी नदी के ऊपर से गुजरने वाला है, जिसके लिए मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की ओर से तापी नदी पर चौपाटी से अडाजण के बीच ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। 350 मीटर लंबे इस ब्रिज का कार्य जून यानी मानसून से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। फिलहाल ब्रिज का 80 फीसदी से अधिक कार्य पूरा हो चुका है और मई के अंत तक ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है। तस्वीर में तापी नदी पर निर्माणाधीन मेट्रो रेल ब्रिज। **फोटो..मुकेश त्रिवेदी**